काजरी ने हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस

काजरी जोधपुर ने दिनांक 1 अक्टूबर 2025 को 67वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक डॉ.लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने कहा कि थार मरूस्थल में रेत उड़ने, तेज आंधियां चलने की समस्या थी। वैज्ञानिकों ने धोरों की धरती में शोध कार्य कर टिब्बों के स्थिरीकरण एवं हराभरा बनाने तथा मृदा एवं वर्षा जल संग्रहण के लिए तकनीकियां विकसित की जिससे कृषि से उत्पादन बढा एवं किसानों की आय एवं जीवन स्तर में सुधार हुआ। विभिन्न उन्नत कृषि प्रणालियों, नवाचारों एवं नवीन किस्मों, उच्च गुणवत्तायुक्त पौधों, उन्नत बीजो की उपलब्धता का लाभ क्षेत्र को मिला। कृषि उत्पाद का पूरा लाभ किसान को मिले इसके लिए मूल्य संवर्द्धन को जो बढावा दिया जा रहा है इससे पूरे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढेंगे। उन्होंने वैज्ञानिकों को शोध कार्यों, उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंनें जलवायु परिवर्तन शमन एवं अनुकूलन विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

विशिष्ट अतिथि कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व कुलगुरू डॉ. एल.एन. हर्ष ने कहा कि कृषि के साथ साथ पशुपालन भी महत्वपूर्ण है। संस्थान ने कषि वानिकी, वानिकी चरागाह मॉडल विकसित किये जिसके फलस्वरूप फसल एवं चारा उत्पादन बढा। कुमट के पेड़ से गोंद उत्पादन तकनीक विकसित की गयी जिससे स्थानीय पेड़ पोधों से आमदनी हो रही है। संस्थान प्रबंन्धन समिति के सदस्य तुलछाराम सिंवर ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

काजरी निदेशक डा. सुमन्त व्यास ने अतिथियों को साफा पहनाकर स्वागत किया एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। डा. व्यास ने संस्थान की वर्षभर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि काजरी जैसलमेर जैसे गर्म एवं लेह लद्दाख जैसे बर्फीले मरूस्थल में शोध कर कृषि उत्पादन बढाने एवं किसानों को सशक्त एवं समृद्ध करने में जुटा है।

सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र के लिए प्रधान वैज्ञानिक डा. वी.एस. राठौड को, वर्ष के श्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार श्री बहादुर सिंह खींची, श्री अरविन्द एस. तेतरवाल, श्री प्रवीण कुमार, श्री बलदेव राम व उत्कृष्ट योगदान के लिए श्री इन्द्रराज मीणा, श्री संजय दशोरा, श्री किशन सिंह राठौड़, श्री जसराज जयपाल व श्री तेजाराम को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर काजरी के निदेशक डा. सुमन्त व्यास का पशु चिकत्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलगुरू नियुक्त होने पर संस्थान के विभागाध्यक्ष डा. एसपीएस तंवर ने साफा एवं शाल ओढाकर सम्मान किया। संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने उन्हें इसके लिए बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. एस. पी. एस. तंवर एवं अन्य विभागाध्यक्ष, संयोजक डॉ एच. एल. कुशवाहा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री एस. के. सिन्हा, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी श्री प्रदीप माथुर, संस्थान के वैज्ञानिक, अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। संयोजक डॉ एचएल कुशवाहा ने धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम का संचालन डा. अमन वर्मा एवं डा. महेश कुमार ने किया ।